सेवादार | By Toshi Kaur

रखलो रखलो श्याम सलोने हमको सेवादार
सेवा में तेरी लगा रहेगा मेरा ये परिवार
श्याम मेरे श्याम
रखलो रखलो .....

चाहूँ ना मैं महल दोमेहले न चाहूँ सारे जग की दौलत
तेरे सेवक की लाज रहे बस इतनी सी है बस अपनी चाहत
तेरे आगे सर को झुकाऊं ऐ मेरे सरकार
सेवा में तेरी लगा रहेगा मेरा ये परिवार
रखलो रखलो .....

इस सेवक को सेवा देकर बाबा थोड़ा मान बढ़ा दो
तुम हो मेरे मालिक बाबा सारी दुनिया को बतला दो
तेरी राजा में राज़ी रहेंगे करेंगे ना तकरार
सेवा में तेरी लगा रहेगा मेरा ये परिवार
रखलो रखलो .....

तेरे सेवक को तेरी कृपा से हर पल बाबा हँसते देखा
कैसी भी कोई कठिन घडी हो उसका काम न रुकते देखा
हम पे भी ऐ श्याम लुटा दो बस थोड़ा सा प्यार
सेवा में तेरी लगा रहेगा मेरा ये परिवार
रखलो रखलो .....

जन्मो जनम की सेवा देकर दु:ख संताप मिटा दो बाबा
रोमी है श्री श्याम का चाकर ऐसी छाप लगा दो बाबा
जन्म जन्म तक हम तो करेंगे तेरी जय जैकार
सेवा में तेरी लगा रहेगा मेरा ये परिवार
रखलो रखलो .....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a5%87%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%a6%e0%a4%be%e0%a4%b0-by-toshi-kaur/